(2) Coal India Ltd. and its sub-sidiaiies—This information is being collected and will be laid on the Table of the House.

(3) Steel Plants—Rs. 6.10 Crores,

(b) The recoverable dues mainly pertain to freight and demurrage and wharfage charges. Period since when they have not been paid is not readily available and formation $i_s$ being collected.

(c) Continuous efforts are made at all levels to realise outstanding dues from the parties by taking up the matter with them.

**Setting up of power plants**

tl951. SHRI DHULESHWAR MEE-NA: Will the Minister of IRRIGA, TION AND POWER be pleased to state:

(a) whether initialy 3 gas-based power plants were required to be set up along the HBJ pipeline—one in Gujarat and one in Rajasthan and U.P.;

(b) whether gas-based power plant in Rajasthan has since been dropped; and

(c) if so, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF POWER (SHRI ARUN NEHRU): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

**परिवार नियोजन कार्यक्रमों के लिए आवंटित धनराशि**

‡1952. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रमों पर किया गया व्यय सरकारी क्षेत्र में किये गये व्यय के मुकाबले अत्यंत कम है और यह कि इसके परिणामस्वरूप जनसंख्या में वृद्धि की दर में अपेक्षित कमी नहीं आई है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार परिवार नियोजन कार्यक्रमों के लिये और अधिक धनराशि निर्धारित करने का विचार रखती है ?

**स्वास्थ्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा)** : (क) और (ख) जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम की सफलता अनेक बातों पर निर्भर करती है । इस कार्यक्रम में लगाई गई पूंजी एक महत्वपूर्ण बात है । छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान परिवार कल्याण कार्य-क्रम पर 1438.12 करोड़ रुपये व्यय हुए थे और यह छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान सरकारी क्षेत्र में हुए कुल व्यय का 1.3 प्रतिशत था । उपलब्ध संसाधनों के अन्तर्गत इस कार्यक्रम के लिए पर्याप्त धन दिए जाने की संभावना है ।

**घटिया दवाइयां बनाने वाले सरकारी क्षेत्र के उपक्रम तथा गैर-सरकारी कम्पनियां**

**1953. श्री शंकर सिंह बाघेला** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों तथा गैर-सरकारी कम्पनियों के नाम क्या हैं जिनके विरुद्ध पिछले तीन वर्षों के दौरान घटिया किस्म की दवाइयां बनाने का आरोप है, और ऐसे उपक्रमों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है; और

(ख) जीवन रक्षक औषधियों में मिलावट तथा कदाचारों को रोकने के लिए सरकार ने क्या उपाय किए हैं?

**स्वास्थ्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा** : (क) और (ख) राज्य औषधि नियंत्रण प्राधिकारियों से सूचना एकत्र की जा रही है और वह सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

†Previously unstarred question No. 1165, transferred from the 5th August, 1985.

‡Previously unstarred question No. 1289. transferred from the 6th August, 1985.